# कार्तिक एकादशी पर मंदिरों में उमड़ा जन सैलाब





**रामाकोना, देशबन्धु।** पैठण तुल्य श्री तीर्थ आध्यात्मिक नगरी (राम वन गमन पथ मार्ग) रामाकोना में परम्परागत कार्तिक मास में निकलने वाली काकड़ आरती काम स्वरूप भव्य एवं दिव्य था, ज्ञात हो की शासन स्तर पर रामाकोना को तीर्थ एवं पर्यटन क्षेत्र में शामिल करने हेतु प्रस्तावित होने से ओर जनश्रुति एवं छिंदवाड़ा गजेटियार 1907 में लिखित साक्ष्य के अनुसार रामाकोना वन गमन पथ के संकेत मिलने से इस वर्ष कार्तिक मास में निकलने वाली काकड़ आरती नये उत्साह के साथ निकली किन्तु देवउठनी एकादशी पर इसका स्वरूप भव्य एवं दिव्य था ।

प्रात: 5:00 रामाकोना ही नहीं तो क्षेत्र के विविध ग्रामों से लोग रामाकोना में पहुंचकर कन्हान नदी में स्नान कर काकड़ आरती में शामिल हुए । ज्ञात हो की श्री तीर्थ क्षेत्र रामाकोना में काकड़ आरती की शुरुआत संत हीरमान महाराज एवं वाताजी महाराज ने 368 वर्षो पूर्व की थी जो अनवरत चलते आ रही है । इसके साथ ग्राम के वार्ड क्रमांक 17 दुर्गा कॉलोनी स्थित दुर्गा माता मंदिर से भी देवराव रुंघे एवं हभप वसंत महाराज पोपटे के नेतृत्व में काकड़ आरती निकलत कर सम्पूर्ण नगर भ्रमण करती है ।

**आकर्षण का केंद्र रही प्राकृतिक रंगोली** - ग्राम में स्थित समस्त मंदिरों में फूलो से साज-सज्जा की गयी वहीं सबसे बड़ी रंगोली संत लीलामृत घाट स्थित शांति ब्रह्म एकनाथ महाराज मंदिर की रही है, इस मंदिर में स्वागत द्वार से जीवनदायनि कन्हान नदी तक पुष्प एवं दीप माला से सुसज्जित पथ मार्ग एवं मंदिर की सजावट रही ।

**विट्ठल मंदिर**- मुख्यत: काकड़ आरती का आयोजन विट्ठल रुखमनी मंदिर देवस्थान समिति द्वारा किया जाता है । आयोजित इस काकड़ आरती में सभी ग्रामस्त सहभागि होते है इस वर्ष एकादशी के अवसर पर विट्ठल रुखमनी मंदिर रामाकोना में पंढरपुर की यादें ताजा हो गयी । बाल हरिपाठ भजन मंडल द्वारा भगवान विट्ठल की जीवित झांकी का प्रस्तुतीकरण क्रुणाल पातुरकर एवं भगवान विट्ठल की सुन्दर रंगोली जिसको ग्राम की श्रुति अरुण खारकर द्वारा तीन दिनों तक बनाया गया तथा सटवा माता मंदिर समिति द्वारा विट्ठल मंदिर की साज सज्जा विशेष आकर्षण का केंद्र रही ।

**जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने टेका माथा** - कार्तिक मास की पवित्र देवउठनी एकादशी के पावन पर्व पर प्रात: काल चलने वाली काकड़ आरती में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी काकड़ आरती में शामिल होकर सामूहिक काकड़ आरती की एवं भगवान विट्ठल रुखमनी मंदिर में माथा टेक दर्शन किये ।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संदीप भाऊ मोहोड़, जनपद सदस्य गुलाबराव पांडे, ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, एवं पंचगन उपस्थित रहे । इसके साथ-साथ क्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारी आर के श्रीवास ने सहपत्निक उपस्थित होकर आशीर्वाद लिया ।

**जगह-जगह हुई चाय एवं साबूदाने की व्यवस्था** - कार्तिक मास में सतत चलने वाली काकड़ आरती में कार्तिक मास की देवउठनी एकादशी इतनी खास होती है की इस दिन ग्राम तथा आस पास के क्षेत्र के लोग भी इसमें शामिल होने के लिए आते है एवं मंगलवार को हुई एकादशी की काकड़ आरती में हजारों की संख्या में भक्तगण पहुंचे । जिनके लिए ग्राम के श्री संत लीलामृत घाट स्थित एकनाथ महाराज मंदिर, नाग मंदिर, दुर्गा कॉलोनी माता मंदिर, तथा विट्ठल मंदिर में चाय, कॉफी एवं साबूदाने की व्यवस्था की गयी थी। इसके अलावा फलहारी चिवड़ा की व्यवस्था श्री राज राजेश्वरी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विट्ठल मंदिर परिसर में की गयी थी ।

**श्रुति अरुण खारकर को किया सम्मानित**- कार्तिक मास की एकादशी के उपलक्ष ने मंदिर की सजावट की तैयारियां एक दो दिन पूर्व से चल रही थी इसी कड़ी में ग्राम की बालिका श्रुति अरुण खारकर ने भगवान विट्ठल की रंगोली से कलाकृति बनाई थी जो आकर्षण का केंद्र रही जिसको बनाने में तीन दिन लगे। इस कलाकृति देख क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य संदीप भाऊ मोहोड़ ने 1100 रूपये की राशि दी वही सटवा माता मंदिर समिति तथा मां गायत्री ऑनलाइन सर्विस द्वारा भी बच्ची को सम्मानित किया गया ।



**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर से दूर परमहंसी गंगा की सुरम्य पहाड़ों की वादियों में विराजित ललितांबा त्रिपुर सुंदरी मां का देव उठनी एकादशी पर लहंगा और चुनरी तथा कमल के पुष्पों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। जिसे देखने भक्तों का तांता लगा रहा।

**फोटो** - शरद नेमा।

## सार-समाचार

### भगत सिंह चौक पर निर्माण प्रारंभ, अष्टधातु की सात फीट ऊंची प्रतिमा होगी स्थापित

**करेली, देशबन्धु।** वे मुझे मार सकते हैं, लेकिन वे मेरे विचारों को नहीं, वे मेरे शरीर को कुचल सकते हैं, लेकिन मेरी आत्मा को नहीं, ऐंसे ज्वलंत विचारों को अपने अंतह में समाहित किए शहीद ए आजम भगत सिंह ने राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। उनका बलिदान अमर है। गत दिनों शहीद ए आज़म भगत सिंह जयंती पर करेली नगर के हृदय स्थल पुरानी गल्ला मंडी स्थित शहीद भगत सिंह चौराहे पर उनकी प्रतिमा स्थापना हेतु श्री गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा द्वारा भूमिपूजन संपन्न किया गया था। तत्संबंध में शनिवार सुबह शहीद ए आजम भगत सिंह की प्रतिमा स्थापना हेतु पुरानी गल्ला मंडी स्थित शहीद भगत सिंह चौक पर कार्य शुभारंभ किया गया। कार्य आरंभ के अवसर पर उपस्थित श्री गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा के अध्यक्ष रविंद्र पाल सिंह लांबा रिम्पी एवं उपस्थित दलजीत सिंह खनूजा ने बताया कि शहीद ए आज़म की प्रतिमा स्थापना हेतु भव्य एवं आकर्षक स्तंभ बनाया जा रहा है, जिसपर जयपुर राजस्थान से आ रही अष्टधातु की 7 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा की स्थापना की जावेगी। उक्त कार्य नगरवासियों की भावना के अनुरूप अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक हो, इस दिशा में श्री गुरु सिंघ सभा के सभी सदस्य प्रयासरत हैं। बताया कि प्रयास है कि शहीद ए आज़म के निर्वाण दिवस मार्च माह में भव्य आयोजन में प्रतिमा स्थापना हो, यह सभी के भाव हैं।

### छात्रों को नि:शुल्क साइकिल वितरित



**करकबेल,गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव तहसील के अंतर्गत करकबेल में स्थित पीएमश्री विद्यालय में नि:शुल्क साईकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया । जिसमें अतिथियों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के तेलचित्र का पूजन-अर्चन किया जिसके उपरांत मुख्यअतिथि जालम सिंह पटेल पूर्व राज्यमंत्री, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोडिया की उपस्थिति में लगभग 169 साईकिलें विद्यालय के छात्र-छात्राओं को वितरित गई । जिससे साईकिल पाकर बच्चे बहुत खुश नजर आए। वहीं गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश ने विद्यालय की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर प्राचार्य से प्रस्ताव बनवाकर पेश करने को कहा जिससे शीघ्र राशि स्वीकृत की जा सके। इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी सिद्धांत वागड़े तथा ठेमी थाना प्रभारी सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### विश्व धरोहर सप्ताह को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित

**दमोह, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नोहटा के शिव मंदिर में विश्व धरोहर सप्ताह का आयोजन के सबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ श्री वर्मा ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस सबंध में कार्यालय अधीक्षण पुरातत्वविद् भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, जबलपुर मण्डल के डॉक्टर डॉ. शिवाकांत बाजपेई ने बताया इस बार भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण 19 से 25 नवंबर तक विश्व धरोहर सप्ताह का आयोजन दमोह जिले के नोहटा में स्थित शिव मंदिर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिले के स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करने बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सबन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने खाद वितरण केन्द्र का लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**दमोह, देशबन्धु ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज तेंदूखेड़ा क्षेत्र के भ्रमण पर रहे। उन्होंने यहाँ तेंदूखेड़ा में डबल लॉक केंद्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री कोचर ने सबन्धित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने किसानों से चर्चा भी की। इस अवसर पर तहसीलदार सोनम पांडे सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### शिक्षक रामचरणलाल बुनकर का निधन



**करकबेल, देशबन्धु ।** सेवानिवृत्त शिक्षक रामचरणलाल बुनकर का निधन हो गया । आप देवेन्द्र बुनकर, योगेन्द्र बुनकर शिक्षक के पिता थे । उनकी अंत्येष्टि मुक्ति धाम करकबेल में शाम 4 बजे होगी ।

# दीपावली मिलन समारोह



**करेली, देशबन्धु।** गत दिवस सर्व ब्राह्मण महिला सभा द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती भारती मधुसूदन पालीवाल के ग्राम बासादेही स्थित पालीवाल निवास पर आयोजित हुआ।

सर्वप्रथम मां नर्मदा, मां सरस्वती एवं भगवान परशुराम के तेलीय चित्र पर पूजन अर्चन पश्चात सभी सखियों को पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया गया, सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन गाकर श्री देव भगवान का गुणगान किया व दीपावली उत्सव की शुभकामनाएं दी। द्वितीय क्रम में सभी महिलाओं की बैठक आयोजित हुई जिसमें चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन प्रतियोगिता, मासिक बैठक आयोजित हो, धर्मग्रंथो पर व्याख्यान व चर्चा,वार्षिक सदस्यता शुल्क, प्रतिवर्ष धार्मिक भ्रमण यात्रा, हर वार्ड में दो महिला संयोजकों को बनाने पर चर्चा, वर्ष में एक बार विराट धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन एवं नव शक्ति दुर्गा मंडल इमलिया के पूर्व पुजारी स्वर्गीय पंडित जी की बिटिया के विवाह पर आर्थिक सहयोग के साथ विविध चर्चाएं की गई। सभी महिलाओं को पुरस्कार वितरण किए गए। इस मौके पर सभी ने मिलकर स्वल्पाहार का आनंद भी लिया।

इस अवसर पर अध्यक्ष भारती पालीवाल सहित शशि शर्मा, सीमा पाठक, राजश्री उपाध्याय, सुनीता पालीवाल, अर्चना पांडे, विभा तिवारी, ममता दुबे, ब्रजेश स्वामी, श्रद्धा दुबे,मधु शर्मा, माया भारद्वाज, किरण शर्मा, अरूणा शर्मा, माया शर्मा, सुनीता तिवारी, अनुराधा मिश्रा, सविता शुक्ला, उमा स्वामी, पूर्व पार्षद प्रीति मिश्रा, शोभा दीक्षित, सुषमा देवलिया, संध्या पाठक,आयुषी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रही। आभार प्रीति मिश्रा ने जताया।

# संत शिरोमणि नामदेव की जयंती मनाई



**करेली, देशबन्धु ।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आज 12 नवंबर मंगलवार श्री देवउठनी एकादशी के दिन नामदेव समाज द्वारा सोमवार बाजार करेली स्थित पंडित विद्या प्रसाद शर्मा वृद्ध सामुदायिक सदन में संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती बड़े ही उमंग और उत्साह के साथ मनाई गई।

संत नामदेव महाराष्ट्र की कार्तिक एकादशी की दिन जन्म लेने वाले प्रसिद्ध संत कवि हैं। भगवान विट्ठल की अनन्य भक्त नामदेव जी का संपूर्ण जीवन भक्ति भाव से ओतप्रोत था। उन्होंने भक्ति गीतों की रचना की और हरि नाम को लोक सुलभ बनाकर उसका प्रचार किया।

पंडित विद्या प्रकाश शर्मा वृद्ध सामुदायिक सदन में नामदेव समाज के बच्चों के द्वारा रंगोली बनाई गई तथा उसके बाद समाज के सभी पुरुष, महिलाओं और बच्चों के द्वारा भगवान राम दरबार, संत नामदेव चित्र पर पुष्प चढ़कर दीप जलाकर, पूजन किया गया है जिसके उपरांत सभी उपस्थित नामदेव समाज के पुरुष, महिलाओं और बच्चों के द्वारा सुंदरकांड का पाठ बड़े उमंग और श्रद्धा के साथ किया गया उसके उपरांत भगवान राम और संत नामदेव जी की आरती की गई उसके पश्चात सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी वरिष्ठजन, पुरुष महिलाएं व बच्चे सम्मिलित हुए।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बांटे गए फल और बिस्किट



**छपारा, देशबन्धु ।** नगर के नामदेव सामाजिक संगठन के युवा सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने देव उठनी ग्यारस के मौके पर पड़ने वाली संत नामदेव जयंती के उपलक्ष में छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल और बिस्किट वितरित किए गए।

ज्ञात हो कि 11 नवंबर को सुबह ग्यारह बजे के आसपास नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों एवं स्वास्थ्य केंद्र परिसर पर उपस्थित जनों को फल एवं बिस्किट्स वितरित कर भर्ती मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। साथ छपारा नगर नामदेव समाज के अध्यक्ष आर के नामदेव ने बताया कि देव उठनी ग्यारस के दिन ही हमारे समाज आराध्य संत नामदेव महाराज की जयंती मनाई जाती हैं इस मौके पर हमारे सामाजिक संगठन के सदस्यों ने स्वास्थ केंद्र में भर्ती मरीजों को फल और बिस्किट वितरित कर इस जयंती को यादगार बनाने का छोटा सा प्रयास है।

इस दौरान राजेश नामदेव,मनोहर नामदेव,राजा बाबू नामदेव, हरगोविंद नामदेव,अनिल नामदेव,आशीष नामदेव,सुरेश नामदेव, शैलेश नामदेव,बंटू नामदेव, दीपक,अमित,ब्रजेश नामदेव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधू मौजूद रहे।

# भगवान कामेश्वर महादेव का किया अलौकिक श्रृंगार



**गोटेगांव, देशबन्धु ।** आज देवप्रबोधनी एकादशी पर जगतगुरु शंकराचार्य महाराज की तपोस्थली परमहंसी गंगा श्री वनम में विराजमान त्रिलोकपति भगवान कामेश्वर महादेव का अलौकिक श्रृंगार किया गया। भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

**फोटो :**भागचंद नाथ

# पार्टी का स्थापना दिवस मनाया



**छपारा, देशबन्धु।** गत 9 नवंबर को महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी का चतुर्थ स्थापना दिवस कार्यक्रम शुभ नक्षत्र लान में संत भूरा भगत जी की संगीतमय आरती के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सतीश नाग ने बताया कि पृथक महाकौशल राज्य बनाने को लेकर के महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी का गठन किया गया है।

मध्य प्रदेश में खनिज संपदा कब भंडार होने के बावजूद भी महाकौशल क्षेत्र की उपेक्षा की जा रही है ना यहां कोई रोजगार है यहां के निवासी बाहर दिल्ली मुंबई मजदूरी के लिए जाते हैं अत: पृथक महाकौशल राज्य बनने से और राजधानी जबलपुर के बनने से यहां का चौमुखी विकास होगा। स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया जिसमें संतोष ब्रह्म प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पर्यवेक्षक राजेंद्र मनकवाडे, दुर्गा प्रसाद ब्रम्हे ,बरघाट से अतीत पटेल, सिवनी से वर्षा वाछले, राम शीला पुसाम,चौशीला मर्सकोले, प्रीतम कौशले घंसौर, जेपी कौशले लखनादौन, राजेश राव नगर अध्यक्ष छपारा लक्ष्मण कौशले महामंत्री, राजकुमार चीचले, ताराचंद शिववेदी, डॉ राजेश कौशले बालाघाट

इस कार्यक्रम में बालाघाट सिवनी छिंदवाड़ा मंडला डिंडोरी कटनी जबलपुर नरसिंहपुर के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मौजूद थे।

# छूट के नाम पर बिकती नकली दवाएं



**गोटेगांव, देशबन्धु ।** वर्तमान में मेडिकल स्टोर्स पर नकली दवाओं की बिक्री का मामला तेजी से बढ़ रहा है। कई मेडिकल स्टोर्स पर दवाएं 15 से 30 प्रतिशत की छूट के नाम पर बेची जा रही हैं, लेकिन ये दवाएं असली नहीं, बल्कि नकली हैं। छूट के लालच में आकर लोग इन नकली दवाओं को खरीद रहे हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य खतरे में पड़ रहा है।

स्मरण हो कि नगर में नए नए मेडिकल स्टोर्स व्यापक पैमाने पर खुलते जा रहे हैं वहीं इन पर शासन का ध्यान ही नहीं हैं ये मेडिकल स्टोर्स जीवन रक्षक दवाएं तो देते हैं साथ ही कीमत और नकली दवाओं की भी दुकानों पर जमकर खपत भी हो रही है परंतु सब मिलीजुली सरकार के नुमाइंदे इन सबको अनदेखा करके माल छापते रहते है जो कि बीमार मरीजों और नगर की जनता में जन चर्चा का विषय बना हुआ है।

आखिर शासन इन मेडिकल स्टोर्स की जांच क्यों नहीं करता। क्या नगद नारायण का आशीर्वाद मिल जाता हैं। चाहे बीमार जनता का कुछ हो मगर मेडिकल स्टोर्स वाले नकली दवाएं बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं एक ओर भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय जनता को समुचित सुविधाएं प्रदान करने का नारा देती है फिर यह जांच क्यों नहीं की जाती।

सवाल उठता है कि नकली दवाओं की जांच के बिना मरीज को स्वस्थ शरीर और स्वास्थ्य लाभ मिलना बेमानी साबित होता है।शासन विक्रय की जा रही नकली दवाओं पर अंकुश लगाए।

स्वास्थ्य के साथ हो रहे इस खिलवाड़ पर प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की चुप्पी सवाल खड़े करती है। आम जनता के प्रतिनिधियों को भी इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और इसके खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिए। नकली दवाओं की पहचान और उनकी बिक्री पर रोक लगाना स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत आवश्यक है।

प्रशासनिक कार्रवाई की जरूरत नकली दवाओं की रोकथाम के लिए तुरंत और सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। जन स्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर मामले में संबंधित विभागों और प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए ताकि लोगों की जान के साथ होने वाली इस धोखाधड़ी को रोका जा सके।

# दैनिक राशिफल

बुधवार 13 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिज़री 1445। कार्तिक शुक्ल पक्ष की प्रदोष, नक्षत्र- रेवती।



## मेष

आज के दिन धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपका समय व्यतीत होगा। अनिर्णायकता के कारण योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे।



## वृषभ


आपके व्यापार में वृद्धि होगी, साथ ही व्यापार के सम्बंध में सौदे लाभदायक सिद्ध होंगे। आपकी आय का स्त्रोत बढ़ेगा। मित्रों और बुजुर्गों से लाभ होगा।



## मिथुन

आपकी शारीरिक और मानसिक खुशी बनी रहेगी। नौकरी या व्यवसाय में अपने परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त कर सकेंगे।

`क-




## कर्क

आज आपका भाग्य चमकेगा और आकस्मिक आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, वे सफलता पा सकेंगे। विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे।




## सिंह

आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। स्वास्थ्य की सुरक्षा के पीछे खर्च होने की संभावना है। गलत मार्ग की तरफ प्रेरित न हों इसका ध्यान रखें।




## कन्या

आज आप परिवार में आनंद के पल गुजार सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। आप समाज और लोगों में आदर पा सकेंगे।




## तुला

स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। पारिवारिक सुख- शांति बनी रहेगी।




## वृश्चिक

आज यात्रा करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य भी चिंता का कारण बनेगा। संतान की चिंता रहेगी।



## धनु

आज भावनाओं का अतिरेक रहेगा और पारिवारिक चिंता से मानसिक तनाव की आशंका बनी रहेगी। बेचैनी का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है।




## मकर

आज आप अपने विरोधियों से विजय प्राप्त कर सकेंगे। नए काम की शुरुआत होगी। उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।



## कुंभ

आपको मानसिक समस्याएं और उलझन रहेगी। निर्णय लेने में तकलीफ होगी। वाणी पर संयम नहीं रख पाएं।



## मीन

आज आपको शारीरिक-मानसिक ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। उत्साह बढ़ेगा। नए काम की शुरुआत करेंगे।

म.